# वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति भोपाल

## PAY & PLAY Scheme

**खेल का नाम – सेलिंग, रोइंग, कयाकिंग केनोइंग**

| | कोच व बोट सहित प्रशिक्षण हेतु | | |
|---|---|---|---|
| | आयु | मासिक शुल्क | 06 माह शुल्क (06 माह का एकमुश्त शुल्क देने पर 01 माह की रियायत दी जावेगी) |
| सामान्य प्रतिभागी हेतु (B श्रेणी बोट्स) | 08 से 18 वर्ष | 1000/– | 5000/– |
| | | 1250/– (लाईफ जैकिट सहित) | 6250/– (लाईफ जैकिट सहित) |
| शासकीय सेवा में कार्यरत् अथवा 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी हेतु (A श्रेणी बोट्स) | | 1500/– | 7500/– |

### प्रतिभागियों के प्रशिक्षण हेतु सामान्य नियम व शर्ते :–

1. वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग, रोइंग, कयाकिंग केनोइंग में प्रवेश हेतु फार्म फीस राशि रू. 20/– पृथक से देय होगी।
2. प्रतिभागी को प्रवेश फार्म के साथ परिचय पत्र (आधार अथवा अन्य शासन द्वारा जारी फोटो परिचय पत्र), 02 पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करना होगी।
3 प्रशिक्षण के लिए समय निर्धारण संबंधित कोच द्वारा किया जावेगा।
4 प्रतिभागी को लाईफ जैकिट (जीवन रक्षक पोशाक) स्वयं लाना आवश्यक होगी। वाटर स्पोर्ट्स प्रशिक्षण से पूर्व प्रतिभागी को लाईफ जैकिट (जीवन रक्षक पोशाक) पहनना अनिवार्य है। बिना लाईफ जैकिट प्रशिक्षण नहीं दिया जावेगा। वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति द्वारा लाईफ जैकिट प्रदाय किये जाने पर इसका पृथक से शुल्क राशि रू. 25/– प्रतिदिन प्रति लाईफ जैकिट के मान से देय होगा।
5 खेल अकादमी के खिलाड़ियों के प्रेक्टिस सेशन अनुसार प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण सेशन लिया जावेगा तथा कोच एवं कोच बोट उपलब्ध होने पर प्रशिक्षण दिया जावेगा, जो सभी को मान्य होगा। पृथक से किसी प्रतिभागी को प्रशिक्षण नहीं दिया जावेगा।
6. अगर कोई प्रतिभागी शनिवार, रविवार अथवा शासकीय अवकाश दिवस में प्रशिक्षण लेना चाहेगा तो उसे पृथक से राशि रू. 500/– प्रतिदिन प्रति प्रतिभागी के मान से शुल्क देय होगा। प्रशिक्षण शुल्क से प्राप्त राशि की 50 प्रतिशत राशि प्रशिक्षक एवं सहायक स्टाफ को प्रदाय की जावेगी। कम से कम 05 प्रतिभागी होने पर ही प्रशिक्षण दिया जावेगा।
7 सामान्य प्रतिभागी (पे एण्ड प्ले) को प्रशिक्षण हेतु **B** श्रेणी की बोट एवं शासकीय सेवा में कार्यरत/राष्ट्रीय पदक विजेता या इससे उच्च श्रेणी के प्रतिभागी (पे एण्ड प्ले) को A श्रेणी की बोट प्रशिक्षण हेतु दी जावेगी।

निरन्तर ...2...

08 सेलिंग खेल हवा पर निर्भर होने के कारण सेलिंग प्रशिक्षण कोच अनुसार होगा। 6नॉट्स (Knots) से अधिक हवा (Wind) होने पर ही सेलिंग का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जावेगा।

09 प्रशिक्षण शुल्क में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढोतरी की जावेगी, जो सभी को मान्य होगी। (केलेण्डर वर्ष अनुसार, वर्ष 2024 को आधार मानकर)। केवल माह मार्च, अप्रैल 2024 में प्रवेश लेने वाले प्रतिभागी को शुल्क में विशेष रियायत दी जावेगी।

10 खेल विभाग के नियमित, संविदा, खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति के कर्मचारियों के पुत्र/पुत्रियों को सक्षम अधिकारी की अनुमति से प्रशिक्षण शुल्क में 50प्रतिशत रियायत दी जावेगी।

11 वाटर स्पोर्ट्स का सेलिंग व रोइंग प्रशिक्षण वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब, बड़ी झील भोपाल (म.प्र.) एवं रोइंग प्रशिक्षण बोट क्लब खानूगांव में भी दिया जावेगा तथा कयाकिंग केनोइंग प्रशिक्षण कयाकिंग केनोइंग सेंटर, नीलम पार्क, जहांगीराबाद, भोपाल (म.प्र.) में दिया जावेगा।

12 वाटर स्पोर्ट्स खेल मे प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रतिभागी को तैराकी आना अनिवार्य है। प्रतिभागी का तैराकी टेस्ट संबधित विधा के कोच द्वारा लिया जावेगा। प्रशिक्षक के संतुष्ट होने के उपरांत ही प्रतिभागी का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा सकेगा।

13 सुरक्षा की दृष्टि से वाटर स्पोर्ट्स मेनुअल का पालन करना अनिवार्य होगा एवं प्रतिभागी को अपने स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

14 निर्धारित समय सीमा के अतिरिक्त केम्पस में पाये जाने पर सदस्यता समाप्त कर राशि राजसात की जावेगी।

15 किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर खिलाड़ी को तत्काल वाटर स्पोर्ट्स परिसर से निष्कासित कर दिया जावेगा तथा भविष्य में भी अभ्यास की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी।

13 किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी, ऐसा जोखिम प्रमाण पत्र भी देना अनिवार्य होगा।

16 प्रतिभागी को वाटर स्पोर्ट्स खेल के लिये परिचय पत्र (आधार अथवा अन्य शासन द्वारा जारी फोटो परिचय पत्र) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

18 वाटर स्पोर्ट्स परिसर में स्वच्छता बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी होगी।

19 अंतिम निर्णय संचालक खेल द्वारा लिया जावेगा।

# वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति भोपाल

## PAY & PLAY Scheme

भोपाल में खेल गतिविधियों/केम्प/प्रतियोगिता हेतु बोट किराया

### सेलिंग बोट्स

| ऑप्टिमिस्ट क्लास | ILCA /4,6,7 | 420क्लास | 470 क्लास, आई.क्यू.फोईल व अन्य क्लास | 49er एफएक्स |
|---|---|---|---|---|
| 4000/- प्रतिदिन | 6000/-प्रतिदिन | | 8000/- प्रतिदिन | 15000/- प्रतिदिन |

### कयाकिंग केनोइंग बोट्स

| कयाक-1/ केनो-1 | कयाक-2/ केनो-2 | कयाक-4/ केनो-4 |
|---|---|---|
| 2000/- प्रतिदिन | 3000/- प्रतिदिन | 4000/- प्रतिदिन |

### रोइंग बोट्स

| सिंगल स्कल | कॉक्सलेस पेयर | डबल स्कल | कॉक्सलेस-4 | क्वार्टरपुल स्कल | कॉक्स्ड-8 |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- प्रतिदिन | 3000/- प्रतिदिन | 3000/- प्रतिदिन | 4000/- प्रतिदिन | 4000/- प्रतिदिन | 8000/- प्रतिदिन |

- मोटर बोट किराया राशि रू. 10,000/- प्रतिदिन (ईंधन शामिल नहीं) पृथक से देय होगी।
- लाईफगार्ड का मानदेय रू. 500/- प्रतिदिन प्रति सदस्य पृथक से देय होगा।

**जलक्रीड़ा केन्द्र बड़ी झील स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल हेतु आरक्षण किराया**

**राशि रू. 8000/- प्रतिदिन**

खेल गतिविधियों / केम्प / प्रतियोगिता हेतु बोट एवं कॉन्फ्रेंस हॉल किराये से लेने हेतु सामान्य नियम व शर्ते :-

1. राशि रू. 25000/- प्रति स्पोर्ट्स बोट, मोटर बोट **Damage Deposit (Refundable)** नगद देय होगा। स्पोर्ट्स बोट, मोटर बोट में डेमेज होने पर स्पोर्ट्स बोट, मोटर बोट की नवीन एसेससरीज की पूर्ण राशि वसूली की कार्यवाही की जावेगी।
2. बोट किराया शुल्क में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढोतरी की जावेगी, जो सभी को मान्य होगी (केलेण्डर वर्ष अनुसार, वर्ष 2024 को आधार मानकर )।

निरन्तर ...2...

3 खेल विभाग के नियमित, संविदा, खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति के कर्मचारियों के पुत्र/पुत्रियों को सक्षम अधिकारी की अनुमति से स्पोर्ट्स बोट किराया में 50 प्रतिशत रियायत दी जावेगी।

4 कॉन्फ्रेंस हॉल आरक्षण हेतु सुरक्षा निधि/कॉशन मनी रू. 10,000/- पृथक से नगद देय होगी (कॉशन मनी कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् कॉन्फ्रेंस हॉल सही पाये जाने पर वापस देय होगी )।

5 जलक्रीड़ा केन्द्र बड़ी झील स्थित कॉन्फ्रेस हॉल का आरक्षण केवल खेल गतिविधियों हेतु किया जावेगा।

6 अंतिम निर्णय संचालक खेल द्वारा लिया जावेगा।